प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

4 सितंबर 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक ने G20 टेकस्प्रिंट 2023 के विजेताओं की घोषणा की

भारत की G20 अध्यक्षता के अंतर्गत, भारतीय रिज़र्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक के बीआईएस इनोवेशन हब (बीआईएसआईएच) ने 4 मई 2023 को G20 टेकस्प्रिंट के चौथे संस्करण का शुभारंभ किया था और सीमा-पारीय भुगतान के लिए प्रौद्योगिकी समाधान विकसित करने में मदद करने हेतु वैश्विक अन्वेषकों को आमंत्रित किया था।

टेकस्प्रिंट 2023 को, अन्य के साथ-साथ, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, स्वीडन, सिंगापुर, यूके और यूएसए की टीमों द्वारा तीन समस्या विवरणों पर प्रस्तुत 93 प्रस्तावों के साथ उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली।

प्रत्येक तीन समस्या विवरणों के लिए सात टीमों का चयन किया गया और प्रस्तावित समाधान के विकास के लिए छह सप्ताह का समय आवंटित किया गया।

अंतिम मूल्यांकन 03-04 सितंबर 2023 के दौरान मुंबई में आयोजित किया गया था, इस दौरान 21 चयनित टीमों ने निर्णायकों के एक स्वतंत्र पैनल के समक्ष अपने समाधान प्रदर्शित किए। निर्णायकों के पैनल ने तीनों समस्या विवरणों में से प्रत्येक के लिए एक-एक टीम को विजेता चुना। तीनों विजेता टीमों को प्रत्येक को 4 मिलियन रुपये की पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया गया और 4 सितंबर 2023 को मुंबई में आयोजित एक समारोह में गवर्नर, श्री शक्तिकान्त दास द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

प्रत्येक समस्या विवरण का विजेता निम्नानुसार है:

क्रम सं.	समस्या विवरण	विजेता
1.	अवैध वित्त जोखिम को कम करने के लिए एएमएल/ सीएफटी/ प्रतिबंध के लिए प्रौद्योगिकी समाधान।	**सेक्रेटेरियम लिमिटेड, यूनाइटेड किंगडम** समाधान DANIE प्लेटफ़ॉर्म, प्रमुख वैश्विक बैंकों के साथ साझेदारी में, सुरक्षित गोपनीयता प्रौद्योगिकी का उपयोग करके आम चुनौतियों को एक साथ हल करने में सक्षम बनाता है। इसमें कई ऐप्स शामिल हैं जो विश्वसनीय हार्डवेयर के साथ बहू-पक्षीय संगणना (मल्टी-पार्टी कंप्यूटिंग) के संयोजन के साथ, प्लेटफ़ॉर्म तकनीक से लाभान्वित होते हैं। यह प्रतिभागियों को लेनदेन की निगरानी, एएमएल और धोखाधड़ी पर सुरक्षित अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, गुमनामी और आंकड़ों के गैर-प्रकटीकरण का समर्थन करता है।

2.	उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्था (ईएमडीई) मुद्राओं में निपटान को सक्षम करने के लिए एफएक्स और चलनिधि प्रौद्योगिकी समाधान।	**मिलिसेंट लैब्स, यूनाइटेड किंगडम** समाधान LOFThub, सीबीडीसी के लिए एक हाइब्रिड विकेन्द्रीकृत विनिमय प्रस्तुत करके, स्वचालित बाजार निर्माताओं और पारंपरिक आदेश बही को मिलाकर ईएमडीई मुद्राओं में एफएक्स संबंधी चुनौतियों का समाधान करता है ताकि प्रत्यक्ष व्यापारिक जोड़ी के बिना भी कई वितरित खाता-बही प्रौद्योगिकियों और मुद्राओं में वास्तविक समय निपटान की सुविधा प्रदान करके चलनिधि को अनुकूलित किया जा सके और अस्थिरता संबंधी जोखिम से निपटा जा सके।
3.	बहुपक्षीय सीमापारीय सीबीडीसी प्लेटफॉर्म के लिए प्रौद्योगिकी समाधान।	**नॉक्स नेटवर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका** यह समाधान, फ़ाइल-आधारित डिजिटल परिसंपत्तियों पर आधारित है तथा थोक और खुदरा सीबीडीसी का सपोर्ट कर सकता है, टोकनयुक्त वाणिज्यिक बैंक जमा के साथ इंटरलिंक कर सकता है, प्रोग्राम योग्य लेनदेन, लिंक पहचान प्रणालियों के माध्यम से एटोमिक निपटान कर सकता है, और मुद्रा, प्रतिभूतियों और अन्य प्रकार के आस्ति को टोकनाइज़ कर सकता है।

2023 संस्करण ने सीमा-पारीय भुगतान की चुनौतियों का समाधान करने में मदद करने के लिए पुनः नवीन समाधान सामने लाए हैं, जो G20 द्वारा पहचानी गई प्राथमिकता है। इस वर्ष के G20 टेकस्प्रिंट के लिए, भारतीय रिज़र्व बैंक ने बीआईएस इनोवेशन हब के सहयोग से नवीन समाधानों के माध्यम से सीमा-पारीय भुगतान में बढ़ोत्तरी के वैश्विक प्रयासों में योगदान दिया।

फाइनल के लिए चयनित टीमों की सूची यहां है।

(योगेश दयाल)

मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/865